प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की फोन टेपिंग का लगाया आरोप।**

2. **पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज दोपहर बाद दिल्ली से पहुंच रहे हैं रांची, हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल और झामुमो से इस्तीफा दिए जाने की संभावना ।**

3. **पीएम जन–धन योजना के 10 साल पूरे, देश में अबतक 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुले, प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को दी शुभकामनाएं।**

4. **मानव तस्करी की शिकार खूंटी की सात लड़कियों को कई बड़े शहरों से मुक्त कराया, अन्य लापता बच्चियों की भी तलाश जारी।**

और

5. **और बोकारो की शिक्षिका डॉक्टर आशा रानी का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन, शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी सम्मानित ।**

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने हेमंत सरकार पर मंत्री चंपाई सोरेन के फोन टेपिंग का आरोप लगाया है। गुवाहाटी में मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए जांच की मांग की।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज दोपहर बाद दिल्ली से रांची पहुंच रहे हैं। राजनीतिक गहमागहमी के बीच आज चंपाई सोरेन के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल और झामुमो से इस्तीफा दिए जाने की संभावना है। वहीं इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक पत्र के माध्यम से भाजपा में शामिल होने की वजह की घोषणा की है। चम्पाई सोरेन ने पत्र के माध्यम से संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला भी उठाया है और इसे आदिवासियों के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व को बचाने के संघर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आस्था जताई है। चंपाई सोरेन ने घोषणा की है कि वे 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की घोषणा पर प्रदेश की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में भाजपा पर साजिश का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि झारखण्ड की जनता का भरोसा और उम्मीद हर साजिशों से लड़ने की ताकत देता हैं। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के बीच में सिर्फ वोट की राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सत्ता की लालच के लिए एक आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया है। श्री मुंडा ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि नीति और सिद्धांत के साथ पूरे देश में आदिवासियों को संगठित करने की दृष्टि से एक बड़े कदम के तहत चंपाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ

संकेत है वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी चंपाई सोरेन के निर्णय का स्वागत किया है।

****

गढ़वा जिले में किसानों के खरीफ और रबी फसलों के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा शुरू किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे कर लिए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के अन्त गंत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 55 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

****

मानव तस्करी की शिकार खूंटी की सात लड़कियों को कई बड़े शहरों से मुक्त कराया गया है। इसमें 6 नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। मानव तस्करों द्वारा इन्हें दिल्ली समेत आसपास के राज्यों में बेच दिया गया था, जिसे एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने रेस्क्यू किया है। जिला बाल कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने बताया कि रेस्कयू अभियान जारी है और जल्द ही टीम अन्य बच्चों को तलाश कर खूंटी लौटेगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

****

बोकारो की शिक्षिका डॉक्टर आशा रानी का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। श्रीमती रानी को शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दिल्ली में सम्मानित करेंगी। डॉ आशा रानी बोकारो के चंदनकियारी स्थित प्लस टू हाई स्कूल में कार्यरत हैं। जहां वे 9 वीं से 12 वीं कक्षा के बच्चों को संस्कृत पढ़ाती हैं।

****

राज्य सरकार ने 10 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इसमें साहिबगंज, गोड्डा, लातेहार, जामताड़ा और गिरिडीह के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। गृह कारा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

****

पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में होगा। पैरालंपिक खेल 8 सितंबर तक चलेंगे। एक रिपोर्ट।

****

- कोडरमा नगर पंचायत के दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 23 अगस्त से लगातार जारी है। 6 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल

के कारण साफ सफाई की व्यवस्था प्रभावित होने से चौक चौराहों के अलावे बाजारों में गंदगी का अंबार लगा है।

- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हजारीबाग सत्य प्रकाश सिन्हा की कोर्ट ने हत्या के मामले में स्पीडी ट्रायल के तहत दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।
- सरायकेला–खरसावां जिले के हाता– चाईबासा एनएच मार्ग पर बस और स्कूटी की सीधी टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना राजनगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

***********समाप्त****************